तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 4 दिसंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 शंकरदाह स्कूल के व्याख्याता के खिलाफ गंभीर शिकायत

12 हिन्दुओं को शास्त्र और शस्त्र एकसाथ उठाना होगा


श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

## खबर संक्षेप

### भरारी में 10 को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम भरारी में ग्रामवासियों के सहयोग से 10 दिसम्बर मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए मोखा का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी खेमराज निषाद, अर्जुन सोनकर ने दी है।

### उमरगांव में मड़ई मेला 8 को

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में मड़ई मेला 8 दिसंबर रविवार को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए कुलभूषण चन्द्राकर का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम मोर संगवारी भोथली कुरुद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम समिति अध्यक्ष कृष्ण मारकोले एवं महेश अग्रवाल ने दी है।

### रबी फसल का बीमा 31 तक

**धमतरी।** जिले में इस वर्ष भी रबी वर्ष 2024-25 में फसलों का बीमा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसलों का प्राकृतिक रूप से होने वाली क्षति की प्रतिपूर्ति की जाती है। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसान 31 दिसबर तक बीमा करा सकते हैं।

### राजिम भक्तिन जयंती को लोककला महोत्सव के रूप में मनाएं : पवन

**सिर्री।** राजिम में इस वर्ष भी 7 जनवरी 2025 को राजिम भक्तिन



माता जयंती प्रदेश साहू समाज द्वारा मनाई जायेगी। पवन साहू ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष मौरीकला ने बताया कि राजिम भक्तिन जयंती को 5, 6 व 7 जनवरी को लोककला महोत्सव के रूप में मनाया जाए।

### काफूर हुई ठंड, 4 दिनों के बाद होगी वापसी



**धमतरी।** मंगलवार को लोगों ने उमस भरी गर्मी का अहसास किया। न्यूनतम तापमान 20 डिग्री मापा गया है। वहीं अधिकतम तापमान 30 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरु होगी। अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान के 2 से 4 डिग्री तक गिरने की संभावना है। वहीं 4 दिनों तक दक्षिण छत्तीसगढ़ में आकाश मेघमय तथा हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। तटीय कर्नाटक और पूर्वी मध्य अरब सागर पर सुस्पष्ट निम्नदबाव का क्षेत्र पश्चिम की ओर बढ़ गया है। आगामी दो दिनों में पूर्वी मध्य अरब सागर पर पश्चिम, उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की स्थिति बनी हुई है।

---

बड़ी गिलहरी, उड़न गिलहरी को गुलेल से बनाते थे निशाना, प्रशिक्षित कुत्तों के साथ करते थे शिकार

# विलुप्त प्रजातियों का शिकार करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट में वन्यप्राणियों का शिकार बदस्तूर जारी है। कोर एरिया में शिकारी कुत्तों की मदद से हिरण, विलुप्त हो रही उड़न गिलहरी, बड़ी गिलहरी का शिकार करने का मामला सामने आया है। रिसगांव एंटीपोचिंग स्क्वाड ने 5 शिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के निवास से वन्य प्राणियों के सींग, दांत, पंख, फंदा, सागौन चिरान आदि जब्त किया है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 नवंबर की शाम 7:30 बजे सीतानदी अभ्यारण परिक्षेत्र रिसगांव का वन अमला पचपेड़ी हाईटेक बेरियर सांकरा से शासकीय जिप्सी वाहन में सवार होकर हाथी की रात्रिकालीन निगरानी के लिए निकला था। रात 12.30 बजे दो मोटर साइकिल में तीन- तीन व्यक्ति सवार होकर लिखमा मार्ग से टोंगरी डोंगरी वनमार्ग की ओर जाते दिखे। गश्ती दल ने मोटरसाइकिल का पीछा कर उन्हें रोका। पीछे मोटरसाइकिल



तथा सामने की मोटर साइकिल का एक व्यक्ति फरार हो गया। मौके पर बुड्रा बेलरगांव निवासी धनसाय तथा उडीदगांव कोंडागांव निवासी अरूण को पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपियों ने बताया कि वे शिकार करने के लिए निकले हैं। वे तीनों प्रशिक्षित कुत्तों की मदद से विलुप्त प्रायः वन्यप्राणी भारतीय बड़ी गिलहरी तथा विलुप्तप्राय उड़न गिलहरी को गुलेल से मार गिराया। धनसाय की मोटरसाइकिल में दो थैले मिले, जिसमें 2 नग गुलेल, 71 नग मिट्टी का गुल्का, 1 बड़ा टार्च मिला। बुड्रा निवासी सुरेंद्र, धानेश्वर, रजमन के साथ शिकार किया।

वनरक्षक रतनलाल यादव ने मौके पर जप्तीनामा तैयार किया। आरोपियों के गृहग्राम बुड्रा थाना बोराई जाकर आरोपी सुरेंद्र पिता फूलचंद के घर में तलाशी के दौरान वन्यप्राणी हिरण के 2 सींग, जंगली सुअर का 1 दांत, 1 नग साही पंख, साल एवं सागौन का चिरान एवं हाथ आरा बरामद किया गया। आरोपी बुड्रा निवासी सुरेंद्र पिता फूलचंद, थानेश्वर पिता राजेश गोड़, रमजन पिता धनसाय गोड़ को पकड़कर इसके खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 27, 29, 31, 50, 51 /1-ग/, 52 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय नगरी के समक्ष 27 नवंबर को पेश किया गया। सभी आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल धमतरी भेजा गया।

इस आपरेशन में सब नोडल एंटी पोचिंग टीम के शैलेश बघेल, वनरक्षक रतनलाल यादव, दीपेंद्र राजपूत, शिवलाल मरकाम, दीनानाथ यादव रहे।

---

खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध खदानों को बंद करने की मांग की

# ट्रैक्टर यूनियन ने अवैध रेत खदानों के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अवैध रेत खदानों के खिलाफ ट्रैक्टर यूनियन ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को उन्होंने खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इन खदानों को बंद करने की मांग की है। अवैध रेत उत्खनन बंद नहीं होने पर उन्होंने आंदोलन करने और न्यायालय की शरण में जाने की चेतावनी भी दी है।

मंगलवार को ट्रैक्टर यूनियन के दफ्तर में ट्रैक्टर से रेत परिवहन करने वाले मटेरियल सप्लायरों की बैठक हुई। बैठक में सभी ने व्यवसाय में आ रही समस्या और शासन को हो रहे रायल्टी के नुकसान पर चर्चा की। एकजुट होकर सभी कलेक्टोरेट पहुंचे और व्यवस्था सुधारने की मांग की। खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने बताया कि अमेठी और अछोटा रेत खदान पूरी तरह से अवैध हैं और अछोटा पुल के समीप चल रही है। इससे पुल को खतरा बना हुआ है। इन खदानों में रेत का अवैध कारोबार रेत माफिया के संरक्षण में चल रहा है। रेत माफिया के गुर्गों द्वारा हर वाहन से वसूली की जाती है, लेकिन रायल्टी शासन के पास एक रूपए भी नहीं पहुंचती है। समीप में दर्री रेत खदान संचालित है, लेकिन वहां भी मशीनों से उत्खनन हो रहा है। मटेरियल सप्लायरों ने जल्द ही रेत का अवैध उत्खनन बंद करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि रेत का अवैध उत्खनन बंद नहीं होता है तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ने पर न्यायालय की शरण में जाएंगे।




---

# निगम के एआरआई पर चाकू से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- साल्हेवारपारा की घटना

जल कर वसूलकर लौट रहे निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक पर युवक ने धारदार चाकू से हमला कर घायल कर दिया है। घायल सहित निगम के कर्मचारी एफआईआर कराने कोतवाली पहुंचे। वहीं पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कन्हैया मंडावी पिता परदेशी राम उम्र 49 वर्ष पोस्ट आफिस वार्ड निवासी नगर निगम में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। एआरआई मंगलवार को साल्हेवारपारा वार्ड में राजस्व कर वसूली के लिए गया था। जहां से टैक्स वसूलकर मोटर साइकिल से निगम लौट रहा था। इसी दौरान साल्हेवारपारा में धारदार चाकूनुमा हथियार लेकर घूम रहे एक युवक ने एआरआई कन्हैया पर हमला कर दिया। घटना में कन्हैया के दाहिने हाथ के बाजू में चोट आई है। युवक के हमले से भयभीत एआरआई ने निगम पहुंचकर अन्य कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी। निगम के अन्य कर्मचारी व घायल एफआईआर दर्ज कराने सिटी कोतवाली पहुंचे। कर्मचारियों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। घायल की शिकायत पर कोतवाली थाने में आरोपी रवि दीप पिता संतोष उम्र 29 वर्ष जालमपुर वार्ड निवासी के खिलाफ धारा 115-2 बीएनएस व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि दीप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।




---

# बाइक की शॉकअप रॉड से पंच पर किया जानलेवा हमला

- लहूलुहान हालत में अस्पताल में कराया गया भर्ती
- ग्राम मोहंदी का मामला, आरोपी सरपंच पुत्र को पुलिस ने किया जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम मोहंदी में सरपंच पुत्र ने पंच को जान से मारने की कोशिश की है। थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार 2 दिसंबर सोमवार को ग्राम पंचायत मोहंदी वार्ड क्रमांक 10 का पंच ओमप्रकाश साहू पिता गिरीश साहू दोपहर 3.30 बजे बस स्टैंड के पास बैठा था। तभी मोहंदी सरपंच के पुत्र पिंटू उर्फ चंद्रकांत ध्रुव ने पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से मोटरसाइकिल की शॉकअप रॉड से उसके सिर पर वारकर लहूलुहान कर दिया। आसपास के व्यापारियों ने झगड़ा को शांत कराया। गंभीर हालत में पंच ओमप्रकाश साहू को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। ओमप्रकाश साहू ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई। टीआई राजेश जगत ने बताया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी पिंटू उर्फ चंद्रकांत ध्रुव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2) अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है। आरोपी के खिलाफ तत्काल प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।




### व्यापारी संघ ने की कड़ी कार्रवाई की मांग



नव सृजन व्यावसायिक संघ मोहंदी ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत में बताया कि आरोपी पिंटू उर्फ चंद्रकांत ध्रुव सरपंच पुत्र होने की धौंस दिखाता है। पूर्व में ही सरपंच के छोटे पुत्र छत्रपाल ध्रुव ने अंडा दुकान चलाने वाले संतोष साहू के साथ मारपीट की थी। थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। व्यापारियों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश साहू, उपाध्यक्ष कन्हैया निषाद, सचिव युवराज साहू, सहसचिव लोकेश्वर सिन्हा, कोषाध्यक्ष नारद साहू, सदस्य श्रवण साहू, जगदीश साहू, दीपक सिन्हा, योगेश साहू, सीताराम सिन्हा, दशरथ ध्रुव, जनकलाल साहू, रूपलाल, पीलू साहू, सोमनाथ, यादराम साहू, पवन साहू, कृष्णा पटेल, आशीष गौतम, संतराम भारती मौजूद रहे।

---

# गौशाला मैदान में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार



कोतवाली व साइबर टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गौशाला मैदान में चाकू लहराकर आने-जाने वालों को डरा धमका रहे युवक को कोतवाली व साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस शहर की पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान बिलाईमाता मंदिर के पास पुलिस को मुखबिर से गौशाला मैदान में धारदार चाकू हाथ में लेकर लहराने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मैदान में पहुंची। जहां एक युवक धारदार चाकू लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उक्त युवक को पकड़कर पूछताछ की। युवक ने अपना नाम अभय यादव पिता कैलाश उम्र 19 वर्ष बांसपारा दुर्गा मंदिर के पास का निवासी बताया। पुलिस ने थाना कोतवाली में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी अभय यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में पूर्व में धारा 294, 323, 506, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज है। इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली व साइबर सेल का योगदान रहा।

---

धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत कांग्रेसियों ने लिया धान खरीदी का जायजा

# कहीं ओव्हरवेट की शिकायत, तो कहीं पांच दिन बाद भी भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धान खरीदी केंद्रों में किसानों से ज्यादा धान लिए जाने पर कांग्रेसियों ने नाराजगी जताई। प्रबंधकों को उन्होंने ओव्हरवेट पर नजर रखने के लिए कहा। किसानों को प्रति क्विंटल 31 सौ रूपए की जगह 23 सौ रूपए देने पर भी असंतोष व्यक्त किया।

धान खरीदी केंद्रों से आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरूआत की है। अभियान के पहले दिन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने अपनी टीम के साथ देमार, कुरमातराई, डोमा, तरसीवां एवं कुर्रा (बागतराई) खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। हर खरीदी केंद्र में धान से भरे बारदानों का वजन अलग -अलग मिला। किसानों से ज्यादा धान लेने के मामले में श्री होरा ने नाराजगी जताई और प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे तौलाई पर विशेष ध्यान दें। ओव्हर वेट न लें। इस दौरान श्री होरा ने किसानों से मिलकर उनका हालचाल जाना एवं समस्याएं सुनी। किसानों ने उन्हें बताया कि सरकार ने 72 घंटे में राशि देने कि बात कही है, परन्तु 5 दिन बाद भी राशि खाते में नहीं आई है। यही नहीं किसानों को धान खरीदी पर प्रति क्विंटल के हिसाब से 31 सौ रुपए एकमुश्त देने का वादा किया गया है, परन्तु वर्तमान में केवल 2300 रूपये के हिसाब से ही भुगतान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान वसीम कुरैशी, डॉ. दयालाल साहू, अमरदीप साहू, संतोष सिन्हा, संतोष हिरवानी, टिकेंद्र गजेंद्र, नीलमणि साहू, विक्रांत शर्मा, राहुल बख्तानी, अशोक चांद, द्विजराम कुम्भकार, बाला राम देवांगन, रेवाराम साहू, गौतम सिन्हा, गुरुगोपाल गोस्वामी, भुनेश्वर सिन्हा, दीपेश्वरी साहू सरपंच, परमेश्वर गिरी गोस्वामी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### देवर ने भाभी से की मारपीट

**महासमुंद।** डिश टीवी की छतरी तोड़ने को लेकर हुए विवाद में देवर ने भाभी के साथ मारपीट कर दी। बसना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि तोषगांव निवासी व प्रार्थी निराकार यादव का भाई नीलमणी ने उसके घर में लगे डिश टीवी की छतरी को तोड़ दिया था। जिसे लेकर 2 दिसंबर को उसकी पत्नी सायबानी यादव के साथ दोपहर 02.30 बजे नीलमणी ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए किसी धारदार वस्तु से मारा। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** बहन से बात करने की बात को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि मछली मार्केट वार्ड 11 निवासी राहुल यादव 2 दिसंबर की शाम करीब 5.30 बजे मछली मार्केट आंगनबाडी के पास अपने दोस्त दादू निर्मलकर के साथ खड़ा था। उसी समय बुगलू चौक निवासी ओम दुबे आया और मेरी बहन से बात करता है कहते हुए राहुल के साथ मारपीट करने लगा, इस दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुये अपने पास में रखे धारदार नुकीली वस्तु से मारपीट किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### किसान के घर से चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कसहीबाहरा के एक किसान के घर से सोने के आभूषण व मोबाइल चोरी की घटना हुई है। पुलिस न बताया कि प्रार्थी अवधराम पटेल के घर से 28 नवंबर की रात किसी अज्ञात चोर ने कमरे के आलमारी में रखे सोने के आभूषण एवं दो नग वीवो कंपनी का मोबाईल चोरी कर लिया।

### जन चौपाल में प्राप्त हुए 47 आवेदन

महासमुंद। जिला कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में आज जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों द्वारा अपनी मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपा गया। सीईओ जिला पंचायत एस आलोक ने बारी-बारी से लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

कोलियारी, भखारा, कोसमर्रा धान खरीदी केंद्र पहुंचकर तौलाई, रखरखाव की ली जानकारी

# कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरुआत हुई। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा ने भखारा सोसाइटी अंतर्गत आने वाले कोलियारी, भखारा, कोसमर्रा धान खरीदी पहुंचकर तौलाई, रखरखाव, सहित टोकन व धान खरीदी की प्रति दिवस लिमिट की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि धान का उठाव नहीं होने से लिमिट नहीं बढ़ रही है। टोकन के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है। धान खरीदी केंद्र में भारी अव्यवस्था, साफ सफाई की कमी है। 3100 रूपये का भुगतान एकमुश्त नहीं किया जा रहा है। राशि विलम्ब से मिल रही है।



कांग्रेसियों द्वारा प्रबंधक से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि धान खरीदी की जिम्मेदारी हमारी है। सरकार पैसा कब देगी यह वही जाने। पंचायत में काउंटर खोलने की बात पर बताया कि जब किसान के खाते मे पैसा आएगा तब उसी पैसे को निकालकर ही दिया जाएगा।

इस अवसर पर सभापति गोविन्द साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष भरत नहर, विनोद साहू, प्रभारी महमंत्री होमेंद्र साहू, संतोषी निषाद, हरिराम, बिसौहाराम, डोमार साहू, गोपीकिशन साहू, संतोष साहू, रामचंद्र साहू, रुपचंद्र साहू, अशोक साहू, अमित साहू, रोहित निर्मलाकर, जीवराज देवांगन, जयप्रकश साहू, सुखदास साहू, तिवारी महराज सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

### किसानों के लिए सड़क से लेकर सदन की लड़ाई लड़ेंगे

धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के संयोजक लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरुद ने किसानों से चर्चा की। किसानों को आश्वास्त किया कि सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में अंकित 3100 रूपये प्रति क्विंटल का भुगतान, 21 क्विंटल धान खरीदी को लेकर सड़क से सदन तक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ेगी।

### तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने कहा किसान हित सर्वोपरि है। छत्तीसगढ़ की समृद्धि किसानों की मेहनत से होकर ही गुजरती है और जब तक किसान मजबूत और समृद्ध नहीं होंगे, तब तक छत्तीसगढ़ समृद्ध नहीं होगा। भाजपा सरकार अपने वादे के अनुरूप राशि एकमुश्त नहीं दे रही है। ब्लाक कांग्रेस ने मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

# नपं अध्यक्ष ने किया सीसी सड़क का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी के मुख्य द्वार से कार्यालय तक पहुंच मार्ग में सीसी सड़क के कार्य का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला ने किया। इस सड़क के बन जाने से लोगों को मुख्य द्वार से नगर पंचायत तक पहुंचने में आसानी होगी। लगभग 7 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड के भूमिपूजन के दौरान सभापति भूपेंद्र साहू, पार्षद अश्वनी निषाद, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व सभापति बलजीत छाबड़ा, विकास सोनी, सौरभ नाग, यश संचेती, सोनू सैनिक, योगेश निषाद, भूपेंद्र कौशल, ईश्वरदास मानिकपुरी उपस्थित थे।

# कई समितियों में बफर लिमिट से भी अधिक धान

- प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर एवं जिला विपणन अधिकारी से परिवहन में तेजी लाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिले की 74 सहकारी समितियों के 100 उपार्जन केन्द्रों द्वारा 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। लगभग 13 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो गई है। जिसमें 1 लाख से अधिक क्विंटल का ही परिवहन संग्रहण केंद्रों में हुआ है। इससे सभी सहकारी समितियों के उपार्जन केन्द्रों में जाम की स्थिति हो गई है। उपार्जन केन्द्रों में धान का सूखत होना चालू हो गया है।



इससे संस्था को हानि होगी और आने वाले समय में खरीदी भी बाधित हो सकती है। इस समस्या को देखते हुए जिला संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर एवं जिला विपणन अधिकारी को मांग पत्र देते हुए चर्चा की। इस दौरान बताया कि धान परिवहन में तेजी लाने की बात कही गई है और मिलरों द्वारा भी पंजीयन प्रारंभ हो गया है। बहुत जल्द मिलर धान उठायेंगे।

जिला कार्यवाहक सचिव बलदेवराम साहू ने बताया कि धान खरीदी का 3 स्तरीय अनुबंध अभी तक नहीं हो पाया है। कई समितियों में बफर लिमिट से भी अधिक धान जाम हो गया है। बफर लिमिट अधिक होने से समिति प्रबंधक एवं फड़ प्रभारी चिंतित हैं। धान के उठाव में तेजी नहीं लाने पर तीन-चार दिन में धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। इसकी जानकारी होते ही कलेक्टर ने नोडल अधिकारी से आवश्यक जानकारी मांगी एवं जिला विपणन अधिकारी को शीघ्र मिलरों का अधिक से अधिक पंजीयन करते हुए धान परिवहन में तेजी लाने का मौखिक आदेश दिया। इस दौरान अरुण सोनवानी, वीरचंद साहू, ईशवर सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे। वहीं आमदी के समिति प्रबंधक नारायण साहू के ड्यूटी स्थल में आकस्मिक निधन से कर्मचारियों में शोक है। यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने दी।

# गोविंद, यादराम बूथ अध्यक्ष बनाए गए

- मोहंदी में आयोजित भाजपा की बैठक में चुने गए पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम मोहंदी में भाजपा कार्यकर्ता मानसिंग साहू के निवास में शक्ति केन्द्र सह प्रभारी रोहित यादव की उपस्थिति में बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। बूथ क्रमांक 71 में कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से गोविंद साहू को अध्यक्ष एवं देवलाल सिन्हा को सचिव चुना। इसी तरह बूथ क्रमांक 72 में यादराम साहू को अध्यक्ष एवं दुलेश्वर सिन्हा को सचिव पद बनाया गया।



मौके पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कोमल यदु, मानसिंग साहू, डेरहाराम, गणपत ध्रुव, मनोहर सिन्हा, दाऊलाल साहू, पूर्व सरपंच श्रवण साहू, जगदेव ध्रुव, भोपाल साहू, संतराम भारती, प्रकाश साहू, सोसाइटी अध्यक्ष जनकलाल साहू, योगेश साहू, हरीश साहू, टेमन सिन्हा, दुलीचंद लहरे, छविराम भारती, युवराज साहू, गजेन्द्र साहू, श्यामू, प्रेमलाल सिन्हा मौजूद थे।

# कोटपा एक्ट के 18 प्रकरण न्यायालय में पेश

- नगरी पुलिस ने अभियान चलाकर मादक पदार्थ बेचने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड में कुछ दिन पहले पुलिस प्रशासन द्वारा कोटपा एक्ट के प्रावधान के अनुरूप कार्रवाई की थी। थाना नगरी द्वारा शासकीय स्कूल, शासकीय हॉस्पिटल, सार्वजनिक जगहों के आस-पास अभियान चलाकर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी नगरी ने 15 से 20 दुकानदारों विरुद्ध धारा 05 कोटपा एक्ट का 18 प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस दौरान दुकानदारों को कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों की जानकारी भी गई। नगरी विकासखंड के मुख्य गांव सिहावा, बेलर, घठुला, सांकरा, बिरगुड़ी, गट्टासिली, दुगली में कार्रवाई नहीं होने से थोक विक्रेताओं द्वारा उसकी दुकानों में सीधा सामान पहुंचाया जा रहा है। थोक विक्रेताओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि बिना डर के नगरी क्षेत्र की पान दुकानों एवं किराना दुकानों में माल पहुंचा रहे हैं।



# डीजे ट्रेनिंग अकादमी में युवाओं को मिल रही निःशुल्क ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगदेही(धमतरी)

डीजे ट्रेनिंग अकादमी का संचालन स्कूल ग्राउंड कोर्रा में बीते 1 साल से हो रहा है। इस ट्रेनिंग अकादमी में आर्मी, पुलिस, होमगार्ड एवं सभी प्रकार के सुरक्षा बल का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अकादमी से बहुत से युवाओं का आर्मी, पुलिस, अग्निवीर एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हुआ है।



डीजी ट्रेनिंग अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू व्यायाम शिक्षक ने बताया कि अकादमी में चयन के लिए उनका फिजिकल टेस्ट एवं फॉर्म भरने के पश्चात उनकी ट्रेनिंग शुरु हो जाती है। समय-समय पर अकादमी द्वारा आर्मी, पुलिस एवं स्पोर्ट्स पर्सन के साथ कार्यशाला भी आयोजित की जाती है। अकादमी संचालन का उद्देश्य युवाओं के उज्वल भविष्य का निर्माण करना है। अकादमी में कबड्डी, वॉलीबाल एथलेटिक्स, योगा, फुटबॉल, स्पोर्ट्स का भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता हैं। युवाओं को प्रशिक्षण देवेंद्र साहू, कमलनारायण, देवेश, सत्यानंद, घनश्याम द्वारा दिया जाता है। अकादमी द्वारा स्पोर्ट्स एवं फिटनेस ट्रायल का भी आयोजन किया जाता है।

# रासेयो स्वयंसेवकों ने की गलियों की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव का सात दिवसीय रासेयो शिविर बंजारी में 8 दिसंबर तक लगाया गया है। शुभारंभ त्रिवेणी पाल सरपंच बंजारी तथा निरंजन जिला कार्यक्रम संगठक के आतिथ्य में हुआ। भाठागांव स्कूल के स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों, नलकूप बोरिंग, तालाबों की सफाई के साथ पौधरोपण किया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी हरीश देवांगन तथा सहायक कार्यक्रम अधिकारी मेनका निषाद के मार्गदर्शन में शिविर जारी है।

# कुम्हार परिवारों ने की विधायक से इलेक्ट्रॉनिक चाक दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

मगरलोड ब्लाक के ग्राम भोथाडीही के कुम्हार परिवार ने विधायक कार्यालय नगरी पहुंचकर विधायक अंबिका मरकाम को इलेक्ट्रॉनिक चाक दिलाने के लिए मांग पत्र दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम भोथाडीही में सैकड़ों परिवार मिट्टी से कलाकृति बनाकर अपना जीवनयापन करते हैं लेकिन उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। पहले भी माटीकला बोर्ड में इलेक्ट्रॉनिक चाक के लिए आवेदन किया था।



विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि कुम्हार परिवार की मुख्य आय का साधन माटी कला होता है। उन्होंने उनकी बातों को संज्ञान में लेते हुए तत्काल विभाग को पत्रचार कर कुम्हार परिवारों को इलेक्ट्रॉनिक चाक उपलब्ध करने के लिए आश्वासन दिया। मौके पर मोहन चक्रधारी, रमेश चक्रधारी, पोखराज चक्रधारी, धनेश चक्रधरी, पुनीत चक्रधारी, ईश्वर चक्रधारी उपस्थित थे।

# शिविर में 14 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

- आमदी कालेज एवं पीएचसी में आयोजित हुआ शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की रासेयो इकाई, यूथ रेडक्रास सोसाइटी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू, हेमंत माला अध्यक्ष नपं आमदी, मनोज साहू पूर्व अध्यक्ष नपं आमदी, बीएमओ एजे खान, प्रो. गौकरण प्रसाद जायसवाल थे।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना सबसे महत्वपूर्ण दान है। उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आपका यह एक प्रयास दूसरे युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगा। हेमंत माला ने कहा कि वे स्वयं कई बार रक्तदान कर चुके हैं। यहां के युवा हमेशा इस पुण्य कार्य के लिए तत्पर रहते हैं। डा. जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।







पैथोलॉजिस्ट लोकेश साहू ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र भेंट किया। शिविर में 25 से अधिक रक्तदाता उपस्थित थे, जिसमें से 14 ने रक्तदान किया।

मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. केके साहू, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, यूथ रेडक्रास सोसाइटी प्रभारी अंकित बोधवानी, तेजल यादव समेत स्वयंसेवक ईशा, हिमांशु, कंचन, आकांक्षा, कुणाल, वेदप्रकाश, साहिल, केशकुमार उपस्थित थे।

महादेव मंदिर समिति को चार्ज दिलाने व अतिक्रमण हटाने का मामला

# लुगे के ग्रामीण 5 को करेंगे तहसील कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम लुगे में 1997-98 के पूर्व महादेव मंदिर समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा ग्रामीणों के समक्ष आय व्यय की जानकारी नहीं देने पर मामला अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद, कलेक्ट्रेट में लिखित प्रस्तुत किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद ने 3 दिसम्बर को आदेश कर महादेव समिति के नए पदाधिकारी को चार्ज सौंपने तथा गांव की प्रस्तावित भूमि से अतिक्रमण हटाने लिखित प्रतिवेदन दिया। तहसीलदार, पुलिस बल की उपस्थिति में ग्रामीणों के समक्ष कार्रवाई प्रारंभ किया गया।



अधिकारी, कर्मचारी उचित कार्रवाई करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डालकर मौन हो गए। इससे आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीण पुलिस थाना पहुंचकर लिखित आवेदन किया। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के आदेश का उल्लंघन किया गया। ग्रामीणों को न्याय नहीं मिला है। कार्रवाई नहीं होने पर 5 दिसंबर को तहसील कार्यालय का घेराव करने का आवेदन तहसीलदार, थाना प्रभारी को दिया है।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




डिलीवरी सुविधा उपलब्ध
राजनीतिक कार्य वजीब दाम में

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बनाने की मांग

**मगरलोड।** ग्राम लुगे निवासी जगदीश राम साहू ने 24 वर्ष पहले



दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का निर्माण कराया था। वह मंदिर की पूजा-अर्चना स्वयं करते आ रहे थे। पिछले एक वर्ष पूर्व सड़क चौड़ीकरण के तहत मंदिर को हटाकर विभाग द्वारा मुआवजा राशि महादेव मंदिर समिति के पूर्व पदाधिकारी को प्रदान की गई। समिति ने प्रार्थी की बिना सहमति लिए मंदिर निर्माण की दिशा दशा परिवर्तन कर अपूर्ण निर्माण किया है। प्रार्थी जगदीश राम साहू ने लिखित आवेदन में बताया कि महादेव मंदिर के पूर्व अध्यक्ष स्व. सुरेन्द्र साहू की सहमति से उक्त स्थल पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बनाने भूमिपूजन किया गया था। महादेव मंदिर समिति के पूर्व पदाधिकारी को जगदीशराम साहू ने उक्त स्थल पर भूमिपूजन कराए जाने की स्थिति में मंदिर निर्माण करने या मुआवजा राशि प्रदान करने मांग की है। प्रार्थी ने ग्राम विकास समिति एवं शासन प्रशासन से उचित निर्णय कर मंदिर निर्माण की मांग की है। इस संबध में महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष व सचिव से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

### घरों तक पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई, ग्रामीण परेशान



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम हिलचुर में पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछी है, लेकिन ग्रामीणों के घरों तक पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण देवसाय बोगा, सोहित दर्रो, सनाउराम, बोगाराम उइके, रजऊराम दर्रो, देवलाल बोगा, फगनूराम बोगा ने बताया कि पानी टंकी निर्माण होने और पाइप लाइन बिछाए जाने से हम सभी खुश थे कि घर पहुंच पेयजल आपूर्ति होगी, लेकिन 2 महीना बीतने के बाद भी पानी सप्लाई शुरू नहीं हुई है। हम लगातार पानी सप्लाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन हमारी बात सुनने वाला कोई नहीं है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में डी समवाय रही विजेता




**अंतागढ़।** 28वीं वाहिनीं, सशस्त्र सीमा बल, अंतागढ़ के वाहिनी मुख्यालय कमांडेंट अरुण देवगम के निर्देशन में 2 दिसंबर को मासिक अंतर समवाय खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बैटमिंटन प्रतियोगिता का फायनल मैच डी समवाय और वाहिनी मुख्यालय के मध्य खेला गया, जिसमें डी समवाय 3-1 से विजेता रही।

सरपंच तथा शाला प्रबंधन समिति ने कार्रवाई नहीं होने पर तालाबंदी की दी चेतावनी

# शंकरदाह स्कूल के व्याख्याता के खिलाफ गंभीर शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह में पदस्थ व्याख्याता एलबी पर कार्रवाई करते हुए स्थानांतरण की मांग की गई है। शंकरदाह सरपंच नरेंद्र कुमार, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष ने कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन में कहा कि शंकरदाह उमावि में पदस्थ व्याख्याता एलबी के खिलाफ स्कूल में 3-4 वर्षों से विभिन्न शिकायत है। बच्चों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, छात्राओं के साथ बेडटच, शाला के अन्य शिक्षक एवं प्राचार्य के साथ विवाद एवं रिवाल्वर से मारने की धमकी, महिला भृत्य के साथ गाली-गलौज की शिकायत पर समिति स्तर पर निराकरण करने का प्रयास किया गया, लेकिन व्याख्याता के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

स्कूल प्राचार्य ने व्याख्याता की शिकायत पूर्व में उच्च कार्यालय में की थी। लेकिन जांच टीम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई। सालभर पहले महिला भृत्य व्याख्याता की हरकतों से तंग आकर प्राचार्य कक्ष में फांसी लगाने का प्रयास कर चुकी है। शिकायत पर विखं शिक्षाधिकारी ने जांच की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बल्कि उच्च कार्यालय द्वारा भृत्य को कार्यालय कलेक्टर रेडक्रास शाखा में संलग्न कर दिया गया। इससे व्याख्याता की हरकतें बढ़ती जा रही हैं। सरपंच तथा शाला प्रबंधन समिति ने व्याख्याता एलबी पर कार्रवाई करते हुए अन्यत्र स्थानांतरण तथा अन्य जगह संलग्न करने तथा शाला की ग्रंथपाल प्रतिमा देशमुख तथा भृत्य दीप्ति चतुर्वेदी की शाला में पुनः वापसी की मांग की है। उन्होंने कार्रवाई नहीं होने पर शाला में तालाबंदी का उग्र कदम उठाने की चेतावनी दी है।

## किसानों का समय पर नहीं कट रहा टोकन

- विधायक ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण, किसानों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी



प्रदेश कांग्रेस कमेटी छग के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने धान खरीदी केंद्र परसापानी, गट्टासिल्ली, आमदी (करैहा) दुगली का निरीक्षण किया। विधायक ने धान खरीदी के क्रियाकलापों को देखकर किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी। किसानों ने बताया कि टोकन कटाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। टोकन ऑनलाइन माध्यम से 60 प्रतिशत व ऑफलाइन से 40 प्रतिशत काटा जा रहा है।

ऑनलाइन में कुछ समय के लिए एप को खोला जाता है और ऑफलाइन में सिर्फ 40 प्रतिशत ही काटा जा रहा जिससे अधिकतर किसानों का समय पर टोकन नहीं कट पा रहा है। कई खरीदी केन्द्रों में तौलाई ज्यादा देखने को मिली। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को 3100 प्रति क्विंटल धान खरीद कर पंचायत में एकमुश्त राशि देने का वादा किया था। यह सरकार किसानों के साथ वादाखिलाफी कर रही है।

किसानों का यह भी कहना है कि सरकार ने पिछला बोनस देने का भी वादा किया था। अभी भी बोनस की राशि नहीं दी गई है। केंद्र सरकार ने अभी धान के मूल्य में 117 रुपये की बढ़ोतरी की है। इस हिसाब से राज्य सरकार को 32.17 रुपए में धान की खरीदी के लिए राशि जारी करनी चाहिए। विधायक अंबिका मरकाम ने धान खरीदी के सभी प्रकरणों को विधानसभा सत्र में उठाने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को किसानों के साथ सामंजस्य बिठाकर धान खरीदी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भानेद्र ठाकुर, शिवकुमार परिहार, कृति मरकाम, प्रमोद, कुंजाम, महेन्द्र पाण्डेय, मयंक ध्रुव, अनवर सिद्दीकी, शत्रुघन साक्षी, अनूप वट्टी, रतेवश्वर नेताम, नोहर नेताम, नटवर नेताम, गजेंद्र माण्डवी, राजू कावड़े, गिरधर, सूरज सिंह, सुकालू निर्मकार, फलेन्द्र माण्डवी, मन्नू नेताम, पन्नालाल कश्यप, रमेश्वर मरकाम, रमेश वट्टी उपस्थित थे।

## जामली एवं बोदलबाहरा में कच्ची शराब की बिक्री जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड

- स्कूली बच्चे, युवा गिरफ्त में आ रहे

शासन -प्रशासन शराब की अवैध बिक्री को लेकर धरपकड़ अभियान चला रहा है। वहीं प्रशासन के दावे खोखले नजर आ रहे हैं। ब्लॉक मुख्यालय से महज 8 किमी दूर ग्राम पंचायत मोहंदी के आश्रित ग्राम जामली में कच्ची महुआ शराब की बिक्री जोरों पर हो रही है। जामली, बोदलबाहरा में लंबे समय से कच्ची महुआ शराब बनाने तथा बिक्री की शिकायत ग्रामीण करते आ रहे हैं। आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैए की वजह से अवैधानिक कार्य को बढ़ावा मिल रहा है।

ग्राम जामली एवं बोदलबाहरा के बुजुर्गों तथा युवाओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि गांव में महुआ की कच्ची शराब का निर्माण एवं बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इससे गांव का माहौल शराबमय हो गया है। स्कूली बच्चे, युवा इसकी गिरफ्त में आ रहे है। सूचना देने पर पुलिस एवं आबकारी टीम कार्रवाई नहीं कर रही है। महुआ कच्ची शराब खरीदने आसपास के दर्जनों गांव के शराब प्रेमी सुबह से देर रात्रि तक शराब खरीदने तथा सेवन कर भटकते रहते हैं। युवा अधिक प्रभावित है। उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। समय पूर्व गांव से कच्ची महुआ शराब जैसे मीठा जहर के निर्माण एवं बिक्री पर रोकथाम नहीं करने से सैकड़ों परिवार पर आफत आ सकती है। ग्रामीणों ने कच्ची महुआ शराब जैसे अवैधानिक कार्य को तत्काल बंद करने की मांग की है।

## जिले में अब तक 2446 क्विं. अवैध धान जब्त

- समर्थन मूल्य पर 1 लाख 49 हजार मीट्रिक टन से अधिक की हुई धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कुल 100 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब तक पंजीकृत 1,28,364 किसानों में से 33,391 किसानों से कुल 1,49,136.10 मे. टन धान की खरीदी की गई है। खरीदे गए धान का मूल्य 343.78 करोड रूपये है, जिसका संबंधित कृषकों को लगातार प्रतिदिन भुगतान किया जा रहा है। जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सुव्यस्थित रूप से की जा रही है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों बिचौलियों के द्वारा धान के अवैध भण्डारण परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका बनी रहती है, जिसकी रोकथाम हेतु जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि उपज मंडी विभाग के अधिकारियों का ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। गठित ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध धान भण्डारण परिवहन करने वालों के विरूद्ध अब तक मंडी अधिनियम 1972 के तहत लगातार कार्यवाही कर 38 प्रकरण दर्ज कर कुल 2446 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार 2 दिसम्बर को ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल धमतरी द्वारा रामखिलावन ग्राम रांवा, राठी हार्डवेयर, संचालक केशरीमल राठी, ग्राम आमदी के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की गई। जांच में रामखिलावन से 70 कट्टा (28.00 क्विंटल) तथा राठी हार्डवेयर आमदी में 17 कट्टा (6.80 क्विंटल) अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उनके विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 87 कट्टा (34.80 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया गया है।

## वनरक्षक भर्ती के दौरान अभ्यर्थी हुआ घायल

**लंबी कूद के समय हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



इंडोर स्टेडियम में चल रही वनरक्षक भर्ती में लंबीकूद के दौरान एक अभ्यर्थी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। वनमंडल धमतरी व उदंती अभ्यारणय के 72 पदों के लिए वनरक्षक भर्ती की प्रक्रिया आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम में जारी है।

भर्ती प्रक्रिया के 9वें दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी इंडोर स्टेडियम पहुंचे थे। कुरूद क्षेत्र के ग्राम कुहकुहा निवासी कुलदीप निर्मलकर उम्र 25 वर्ष भी भर्ती में शमिल होने आया था। युवक की 200 मीटर दौड़, गोला फेंक इवेंट हो चुका था। लंबी कूद के बाद 800 मीटर की दौड़ में भाग लेना था।

युवक लंबी कूद के दौरान घायल हो गया। इस घटना में युवक की पीठ पर चोट आई है। स्टेडियम में मौजूद जिला अस्पताल की एम्बुलेंस से घायल अभ्यर्थी को उपचार के लिए लाया गया। जहां माइनर ओटी में प्राथमिक उपचार के बाद घायल को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्ति के बाद घर लौटे नायक सूबेदार भारत का हुआ आत्मीय स्वागत




- 22 वर्ष 8 माह तक देश के अलग-अलग राज्यों में दी सेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

वीर जवान भारत मरकाम के यूनिट 222 मध्यवर्तीय तोपखाना रेजीमेंट में नायब सूबेदार पद पर 22 वर्ष 8 माह तक देश सेवा का कार्यकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त होकर गृहग्राम सेमरा पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। भारत मरकाम ने कहा कि उन्होंने 13 मार्च 2002 में आर्मी ज्वाइन की थी। उनकी पहलि पोस्टिंग महाराष्ट्र के नासिक में हुई थी। उसके बाद उन्होंने हिंदुस्तान के सभी राज्यों में पूरी ईमानदारी के साथ लगन, मेहनत से ड्यूटी कर देश की सेवा की।

मौके पर जितेंद्र देवांगन इंडियन आर्मी, मेघनाथ ठाकुर सेनि सीआरपीएफ जवान, विनय देवांगन जिलाध्यक्ष देवांगन समाज, गोवर्धन नाग, अभय नेताम, दीनाराम देवांगन, हंडूलाल साहू, डाकेश नाग, बाबूलाल, अजय मरकाम, बसंत भक्त, जितेंद्र सेन, भोजराज नाग, सत्येंद्र साहू, यवनेश देवांगन, तुलेश नेताम, संतु नेताम, जनक ध्रूव, बीरबल, पूरन ध्रुव मौजूद थे।

## मुनईकेरा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

प्राथमिक शाला मुनईकेरा में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम के मुख्य आतिथ्य, जनपद उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, सरपंच मुनईकेरा महेन्द्र नेताम एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया।

स्कूल शिक्षा मद अंतर्गत ग्राम मुनईकेरा के प्राथमिक शाला परिसर में 24.40 लाख की लागत से ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने कहा कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है। जनपद उपाध्यक्ष हुमित लिमजा ने ग्रामवासियों को शिक्षा के लिए सजग रहने का निवेदन किया। ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष से स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ कराने की मांग की। सरपंच महेन्द्र नेताम ने आभार माना। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष परमेश्वर मंडावी, भुवन ध्रुव, वार्ड पंच सोहद्रा नेताम, रामरतन नेताम, नर्मदा ध्रुव, राजाराम नेताम, प्रहलाद नेताम, रोशन सूर्यवंशी, किरण अहिल्या नेताम समेत पालकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर प्रस्तावना का वाचन

- संवैधानिक मूल्यों के साथ त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था पर छात्रों ने साझा किये अपने विचार
- वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी




कंडेल कॉलेज में संविधान दिवस पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। प्राचार्य रविशदास ने अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को भारत के प्रस्तावना का वाचन कराया। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक कमलेश दीवान ने भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों को सरल ढंग से रोचकता के साथ प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर वाद- विवाद प्रतियोगिता भी हुई। छात्रों ने स्वीप नोडल अधिकारी लक्ष्मी नारायण सिन्हा के नेतृत्व में जागव वोटर जाबो कार्यक्रम अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था एवं आरक्षण पर बहस की।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक पीतांबर सिन्हा, संजय पवार, नूतन दीवान, कमलेश दीवान, लक्ष्मण सेन, मानूनारायण सारथी, डॉ ऋचा शुक्ला, डॉ संगीता गोयल, साकेत, टिकेश्वर, टिकेंद्र वर्मा, सविता लहरे, साक्षी सोम, कैंपस एम्बेसडर ममता साहू एवं तुषार साहू के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पीएचसी मेघा में हुआ स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**मगरलोड।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेघा में ग्रीन आर्मी, स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेघा में आयोजित था जिसमें 19 ग्राम से आई दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दीदियों के ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिन एवं खून की जांच की गई। शिविर में कुल 42 स्वच्छता दीदियों का परीक्षण का स्वस्थ रहने की उचित सलाह दी गई। शिविर में डॉ काजल साहू, रूपेश साहू एवं अस्पताल के कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## रावणगुड़ा बूथ क्रमांक 192 के विजय बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिर्री

भाजपा सिर्री मण्डल अन्तर्गत ग्राम रावणगुड़ा बूथ क्रमांक 192 में चुनाव प्रभारी सुशील साहू एवं डिलेंद्र यादव की उपस्थिति में बूथ का गठन किया गया। बूथ अध्यक्ष विजय गहरवाल, युवा प्रमुख शान्तनु यादव, महिला प्रमुख पीली बाई बघेल, बूथ सचिव राकेश सिरमौर बनाए गए।

व्हाट्स ऐप प्रमुख चन्दन गंजीर, मन की बात प्रमुख गजाधर प्रसाद साहू, स्वच्छता प्रमुख गंगाबाई बान्धे, की वोटर प्रमुख प्रभा घृतलहरे, मोटर साइकिल प्रमुख महेंद्र बान्धे, छह कार्यक्रम प्रमुख सुरीतलाल साहू, सामाजिक प्रमुख प्रेमलाल मिर्रे, दीपकमल प्रमुख संतोष बान्धे, लाभार्थी प्रमुख घासीराम डहरे, पन्ना प्रमुख नरेश साहू, प्रमुख सदस्यगण कमलेश बघेल, सोनू यादव, डोमनलाल बांधे, दाऊलाल बांधे, भगवानदास बांधे, खेलन बघेल, छोटेलाल लहरे, छबिलाल बांधे, केशरबाई गहरवाल, रोशनी साहू बनाए गए।

## कार की ठोकर से तीन युवक हुए घायल

- सियादेही के पास हुई घटना

**धमतरी।** नगरी रोड से गुजर रहे बाइक सवार तीन युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार स्थानीय महिमासागर वार्ड निवासी ईशु निषाद पिता दौलतराम शनिवार की रात्रि मोटरसाइकिल क्र. सीजी 05 ए 4080 से अपने साथी टोपेश्वर रामटेके व रोहित साहू के साथ किसी काम से ग्राम सियादेही के पास स्थित अन्नपूर्णा राइस मिल जा रहा था। मोटरसाइकिल रोहित चला रहा था। नगरी मार्ग से गुजर रही मोटर साइकिल को सियादेही के पास स्थित ढाबा के आगे विपरीत दिशा से आ रही कार क्र. सीजी 04 एनबी 8565 के चालक ने ठोकर मार दी। कार की टक्कर से तीनों युवक बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरे। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल भेजा। वार्ड के पार्षद दीपक सोनकर से घटना की सूचना मिलने पर बड़ा भाई किशन जिला अस्पताल पहुंचा। डाक्टर द्वारा घायलों का रिफर करने पर ईशु निषाद को एकता अस्पताल एवं रोहित व लोकेश्वर को डीसीएच में भर्ती कराया गया। दूसरे दिन रविवार को होश में आने पर घायल ईशु निषाद ने बड़े भाई किशन को घटना की जानकारी दी। घायल के भाई किशन की शिकायत पर केरेगांव पुलिस कार चालक के खिलाफ धारा 125/ए, 281 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### उद्यानिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**कांकेर।** चिराग परियोजना के अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई जिला उत्तर बस्तर कांकेर प्रशिक्षण प्रभारी सहायक संचालक उद्यान विभाग करन कुमार सोनकर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण समन्वयक प्रभारी उद्यान अधीक्षक मेघचंद देवांगन द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सुरही एवं बतबनी के 140 किसान एवं आजीविका समूह के सदस्यों को न्यूट्रीटेशन, सपोर्टिव एंड रिसिलिएंट हॉर्टिकल्चर के विषय में प्रशिक्षक घृत कश्यप, राजेंद्र साहु, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, केके मेश्राम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सुभ्रांसु पांडा द्वारा पोषण बाड़ी, जैविक खेती सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, बीजों उपचार एवं उद्यान की फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत मिचेकट्टा निवासी महेंद्र उईके ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। मिच्चेकट्टा निवासी सुरेश उईके ने पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया और अभी तक कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### दिव्यांग दिवस पर तिलक वंदन व उपहार देकर किया सम्मान



**दुर्गूकोंदल।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 3 दिसम्बर को माध्यमिक शाला डांगरा में अध्ययनरत कक्षा 8वीं छात्र सुभाष कोरेटी, कक्षा 7वीं कृष्णदेव निषाद को शाला परिवार की ओर से तिलक वंदन, पुष्प गुच्छ व उपहार में जैकेट देकर सम्मान किया। शाला के प्रधानपाठक कमला नरेटी ने बताया कि यह बच्चे हमेशा शिक्षा के क्षेत्र एवं अन्य गतिविधि में हमेशा अग्रणी रहते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक देवेंद्र सलाम, हेमन्त ठाकुर, सविता गावडे, विभा ठाकुर उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में मृत्यु एवं घायल के प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**भानुप्रतापपुर।** सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर द्वारा मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए तथा घायल को 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। भानुप्रतापपुर तहसील अंतर्गत ग्राम भीरागांव निवासी बिरेन्द्र कुमार मंडावी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता प्रेमसिंह मंडावी के लिए 25 हजार रूपए और सड़क दुर्घटना में घायल होने पर ग्राम सोनेकन्हार निवासी दानचू राम को 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### सड़क दुर्घटना अज्ञात चालक के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत बायपास में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक तुलतुली निवासी परम सिंह कुमेटी 14 अक्टूबर को शाम करीबन 7 बजे अपने भाई रसनू राम कुमेटी के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 7016 में पीछे बैठकर अपने गांव तुलतुली वापस जा रहा था। हाउसिग बोर्ड कालोनी तिराहा बाईपास रोड कांकेर के पास माकड़ी की ओर से आ रही अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक अपने ट्रक को चलाकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिससे मृतक के सिर मे गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गई।

---

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में हिंदू सुरक्षा मंच की हुई धर्मसभा और निकाली गई महारैली

# हिन्दुओं को शास्त्र और शस्त्र एकसाथ उठाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, मारपीट, हत्या, बलात्कार, मंदिरों में तोड़फोड़ करने के विरोध में मंगलवार को हिंदू सुरक्षा मंच द्वारा स्थानीय गांधी मैदान में दोपहर 2:30 बजे धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारी, सदस्य, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। धर्मसभा एक घंटे तक चली जिसमें प्रमुख वक्ताओं ने हिन्दुओं को एकजुट रहकर एकता प्रदर्शित करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि विश्व में निवासरत सभी सनातनी हमारे भाई हैं। उनकी सुरक्षा के लिए एकजुट रहना आवश्यक है। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ अत्याचार हो रहा है, जिसे रोकने भारत सरकार से आग्रह किया। धर्मसभा के बाद गांधी मैदान में पोस्टर और तख्ती लेकर रैली निकाली गई। रैली गांधी मैदान से होकर कचहरी चौक, चमेली चौक, मठ मंदिर चौक, गोल बाजार, बालक चौक, घड़ी चौक, नेशनल हाईवे मार्ग, रत्नाबांधा चौक, देवश्री टाकीज, शिव चौक, बनियापारा, रमसगरी गार्डन होते हुए पुनः गांधी मैदान पहुंची, जहां राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया। रैली में हिन्दू बचाओ, जागो हिन्दू जागो, हम सब एक हैं, के नारे लगे।

रैली के पूर्व सभा को अशोक शास्त्री ने संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू जीवित है तो सृष्टि है, हिन्दू खत्म हुआ तो धरती रसातल में चली जाएगी। सभी हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए सामने आएं। हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकना है। हिन्दुओं को शास्त्र और शस्त्र एकसाथ उठाना होगा। हिन्दुओं के प्रतीक माथे पर तिलक और सिर में चोटी अवश्य होनी चाहिए। आत्मरक्षा के साथ-साथ समाज हित में भी कदम उठाएं।

डॉ. रोशन उपाध्याय ने कहा कि विश्व के सभी हिन्दू सनातनी अलग नहीं हैं। सुरक्षा के अभाव में हिन्दुओं की संख्या घट रही है। पहले पाकिस्तान में हिन्दुओं की संख्या कम हुई। अब बांग्लादेश में दोहराया जा रहा है। बांग्लादेश में पहले हिन्दू 23 प्रतिशत थे जो घटकर अब 8 प्रतिशत हो गये। वहां की सरकार की तुष्टिकरण के कारण कुछ कुमार्गी हिन्दुओं पर अत्याचार कर रहे हैं । बांग्लादेश में हिन्दुओं की संख्या फिर घट रही है। हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध करें। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाएं । बांग्लादेश के हिन्दुओं को भारत लाया जाए। भारत में बसे रोहिंग्यो को वापस भेजा जाए। बांग्लादेश को शत्रु देश घोषित करें। हिन्दुओं की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करें।

समाजसेवी सुनीता पंजवानी ने कहा कि किसी भी मनुष्य पर धर्म थोपना गलत है। मेरा ईश्वर श्रेष्ठ है। यह कहना भी ठीक नहीं है। मेरे ही ईश्वर की आराधना करो यह दबाव बनाना न्यायसंगत नहीं है। तलवार धर्म की रक्षा के लिए उठाना ठीक है, कुछ लोग आम आदमी को डराने तलवार उठा रहे हैं। यह कार्य बांग्लादेश में हो रहा है। हिन्दुओं की रक्षा के लिए आवाज उठाई जाए।

सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष दीपक लखोटिया ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं को तोड़ने का प्रयास वह वर्ग कर रहा है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। सभी हिन्दू अपनी आवाज बुलंद करें और बांग्लादेश के हिन्दुओं की रक्षा में सहभागी बने। सभी सनातनियों का कर्तव्य है कि वह अपने स्तर पर कार्य करते रहे। हमारे बंटे होने का फायदा वे उठा रहे हैं। सभी हिन्दू एकजुट रहें। इसमें मातृशक्तियों की अहम भूमिका होनी चाहिए। आत्मरक्षा के लिए शस्त्र उठाना पड़े तो उठाएं।

पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष केपी साहू ने कहा कि हिन्दुओं पर अत्याचार रोकने सभी हिन्दू भाई एकजुट होकर आवाज उठाएं। बांग्लादेश का अस्तित्व भारत की देन है। अब वही देश हिन्दुओं पर अत्याचार कर रहा है। हिन्दू जागृत हो, बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाएं। हिन्दुओं की रक्षा करें।


गोपाल यादव ने कहा कि विश्व में हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए। अब भी हिन्दू नहीं जागे तो भारत में भी हिन्दू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। बहुसंख्यक देश पर राज करेगा। वर्तमान में बांगलादेश में हिन्दू पीड़ित हैं। हिन्दुओं को मारा जा रहा है। संपत्ति लूटी जा रही है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। भारत के हिन्दुओं को एकता प्रदर्शित कर बांग्लादेश की हिन्दुओं की रक्षा करनी होगी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाया जाए और हिन्दुओं की रक्षा की जाए। विश्व मंच पर आतातायियों का बहिष्कार करें। विश्व का ध्यान बांग्लादेश पर केन्द्रित करना होगा। अपनी आवाज बुलंद करें। अतचार का विरोध करें। इस संबंध में विश्व मानवाधिकार आयोग ने एक शब्द भी नहीं बोला। यह न्याय पूर्ण नीति नहीं है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार रोकें।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हिन्दू सुरक्षा मंच ने सभा और रैली के बाद गांधी मैदान में राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा है कि बांग्लादेश में हिन्दू, बौद्ध और ईसाई समुदाय पर हो रहे अत्याचारों का विरोध करते हैं। अत्याचार मानवाधिकार का उल्लंघन है। इससे सांस्कृतिक धार्मिक मूल्य आहत हो रही है। हिन्दुओं के साथ मारपीट, हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही है। संपत्ति लूटी जा रही है। धार्मिक स्थल तोड़ा जा रहा है। देशद्रोह का आरोप लगाया जा रहा है। जबरन धर्मांतरण हो रहा है। घरों को जलाया जा रहा है। यह समग्र मानवता के लिए खतरा है। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो। अत्याचारों को जवाबदेह ठहराया जाए। निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।

---

# वन एक्ट प्ले में कन्या कालेज रहा अव्वल




**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए वन एक्ट प्ले (एकांकी नाटक) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी अभिनय कला, संवादों की प्रभावशीलता और मंच पर प्रस्तुति की उत्कृष्टता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अब आगे ये छात्राएं कर्नाटक के बैंगलोर में 19 से 24 अगस्त तक आयोजित ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय युवा उत्सव में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस सफलता पर प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया ने कहा कि छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और महाविद्यालय का नाम रोशन किया। यह जीत हमारी नाट्य प्रतिभाओं का प्रतीक है और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देंगे।

# जनपद सदस्य ने स्कूल को वाटर कूलर भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



देमार निवासी जनपद सदस्य श्रीमती चंद्रकला रुपेश बंजारे ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार के विद्यार्थियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वाटर कूलर भेंट किया। जनपद सदस्य ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल पाएगी। शिक्षा जगत के लिए सहयोग करके उन्हें आत्मीय प्रसन्नता हो रही है। संस्था के प्राचार्य डीएन साहू ने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से विद्यालय में आवश्यक संसाधन जुटाने में बड़ी आसानी होती है। एक अच्छे जनप्रतिनिधि की यही पहचान है कि वे शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकता के प्रति समर्पित भाव रखे। वाटर कूलर मिलने से विद्यालय के विद्यार्थी प्रसन्न दिखाई दिए।

---

# 25 लाख से बने सामुदायिक भवन में पहुंचने रास्ता नहीं

## गरीब हितग्राही भवन की सुविधा लेने से हो रहे वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मराठापारा और सदर दक्षिण वार्ड के संधि स्थल पर नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उपयोग आम रास्ते के अभाव में नहीं हो पा रहा है। भवन से लगे पड़ोसी अपने प्राइवेट जमीन को रास्ते के रूप में देने से इंकार कर रहे हैं। उनके आनाकानी करने से नगर निगम द्वारा बनाया गया 25 लाख का सर्वसुविधा युक्त सामुदायिक भवन गरीबों की पहुंच से दूर हो गया है। वहीं इस मुद्दे पर वार्ड पार्षद वहां पर जाने कई आम रास्ता होने का दावा कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि मराठा मंगल भवन के पीछे 36 डिसमिल सरकारी जमीन पर मुख्यमंत्री मद से 25 लाख की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन बनाया गया है। सदर दक्षिण वार्ड की जमीन पर बने इस नवनिर्मित भवन में एक हॉल, एक रूम और लेटबाथ भी है। सामने शानदार खुला स्पेस है। जहां पर छोटे-बड़े कार्यक्रम निबट सकते हैं। चारों तरफ बाऊंड्री वाल बना चुके हैं। भवन के सामने प्राइवेट व्यक्ति की जमीन है। भवन के बायीं तरफ एक छोटी सी कालोनी का रास्ता है जो दीवार से बंद हैं।

कालोनी वाले इस भवन के लिए रास्ता नहीं देना चाहते। इसी पेंच में फंसे सामुदायिक भवन में आम गरीब जनता कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं कर पा रहे हैं।

### लोगों की मांग, जल्द खोला जाए

भवन खुलने की बाट जोह रहे मुकेश कौशिक, भागवत यादव, महावीर पेंदरिया, केशकुमार ढीमर और अन्य वार्डवासियों की एक ही मांग है कि जब भवन बनकर तैयार है तो वहां पहुंचने के लिए आम रास्ता खोल देना चाहिए। उनका कहना है कि भवन के आसपास अतिक्रमण हो चुका है। इसलिए भवन जाने रास्ता नहीं मिल रहा है। भवन में जाने आम रास्ता चिन्हांकित कर देना चाहिए। ताकि कम बजट में नागरिक वहां अपने घर परिवार का कार्यक्रम करवा सके। उन्होंने वार्ड पार्षद और नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द भवन में जाने के लिए एप्रोच रोड रास्ता खोला जाए।

### गरीबों का बन सकता है सहारा

मराठापारा, बांसपारा और सदर दक्षिण वार्ड से जुड़े इस सामुदायिक भवन के शुरू होने से गरीब तबके लोगों का व्यक्तिगत व सार्वजनिक कार्यक्रम कम बजट में निबटान के लिए बहुत बड़ा सहारा बन सकता है। ज्ञात हो कि आसपास के सामुदायिक भवन के एक दिन का किराया 15 से 25 हजार रूपए तक है। ये भवन उनकी बजट से बाहर है। वे इन्हें किराए पर लेने की सोच भी नहीं सकते। निगम के सामुदायिक भवन के खुलने से उनके छोटे बड़े कार्यक्रम आसानी से निबट जाएंगे।

### भवन जाने के लिए दो से तीन रास्ते : पेंदरिया



इस संबंध में सदर दक्षिण वार्ड के पार्षद केन्द्र कुमार पेंदरिया ने फोन पर चर्चा में बताया कि भवन जाने एक नहीं दो से तीन रास्ते हैं। दो से तीन माह पहले भवन का उद्घाटन नगर निगम के महापौर विजय देवांगन द्वारा विधिवत किया जा चुका है। छिटपुट काम अभी बाकी है। अभी तक इसे किसी को भी उपयोग के लिए नहीं दिया गया है। असामाजिक तत्वों से बचाव के लिए बाऊंड्री वाल को खोला नहीं गया है। जब विधिवत वार्डवासियों को किराया पर देना शुरू करेंगे तो सभी रास्ते खोल दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अनावश्यक विवाद पैदा कर रहे हैं।

---

शिकायत की जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने की कार्रवाई

# दो शिक्षक हुए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निरंकुश शिक्षक के विरूद्ध शिकंजा कसने शिक्षा विभाग का अभियान जारी है। लगातार स्कूल से नदारद रहकर मनमानी करने वाले दो शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने निलंबित कर दिया है। दोनों शिक्षक धमतरी ब्लाक के हैं।

शासकीय प्राथमिक शाला अरौद लीलर में पदस्थ मिलन सिंह ध्रुव सहायक शिक्षक (एल.बी.) की शिकायत गंभीर थी। शराब सेवन कर विद्यालय जाने, अध्यापन कार्य से दूर रहने के कारण ग्रामीण परेशान थे। शिकायत की जांच करने पर शिक्षक की निरंकुशता स्पष्ट हुई। इसी तरह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कण्डेल में पदस्थ लावनी साहू सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) अपने शिक्षिकीय कार्य से विमुख हो गई थी। निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित नहीं होने, उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने तथा कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं देने जैसी कई शिकायतों की जांच की गई। आरोप सही पाये जाने पर डीईओ टीआर जगदल्ले ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों शिक्षकों को तत्काल निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी होगा।

### मनमानी पर त्वरित कार्रवाई होगी

बीईओ धमतरी अमित तिवारी ने बताया कि अपनी मनमानी कर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित करने वाले निरंकुश शिक्षकों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अनियमित उपस्थिति और अध्यापन कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों की शिकायत संस्था प्रमुख और संकुल समन्वयकों से प्राप्त हो रही है। इसे उच्च कार्यालय को अवगत कराया जा रहा है। जांच में शिकायत सही मिलने पर डीईओ टीआर जगदल्ले द्वारा तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

---

पैसों की बारिश करने वाला तांत्रिक खुद लखपति बनकर फरार

# तंत्र-मंत्र के झांसे में आकर एक परिवार ने गवाएं 52 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




कुरूद विकासखंड से एक अंधविश्वास का मामला सामने आया है। तंत्र-मंत्र के झांसे में आकर एक परिवार ने 52 लाख रूपये गवां दिए। जब ठगी का अहसास हुआ तो सीधे थाने पहुंचकर शिकायत की है। ग्राम परसवानी निवासी प्रार्थी लेखराम चंद्राकर की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

शिकायतकर्ता लेखराम चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि मथुरा यूपी निवासी मोहन शर्मा, धरमपाल गुप्ता व रेखा राजपूत ने अपने मोबाइल से लगातार फोन कर तंत्र-मंत्र की विद्या से लोगों की दुख-तकलीफ और पैसों की बारिश कराने की बात कही।

मोहन शर्मा उर्फ मोहन बाबा निवासी ने तंत्र-मंत्र विद्या से लोगों की दुख तकलीफ को दूर करने की बात कही। मुझे तंत्र, मंत्र की फोटो, वीडियो, पैसों की गड्डी की फोटो, तंत्र-मंत्र क्रियाओं की तस्वीर वाट्सअप में भेजा। मैं उनके झांसे में आ गया और मेरा आधार कार्ड, घर की तस्वीर, मकान के कमरे की तस्वीर भी मांग करने पर मेरे द्वारा भेजा गया।

### धोखाधड़ी का अहसास होने पर थाने में की शिकायत

कथित बाबा ने घर आकर तंत्र-मंत्र से पूजा कर घर के दुखों को दूरकर पैसों की बारिश करने की बात कही। उनकी बातों में आकर ऑनलाइन के माध्यम से तीनों के खाते में 18 अक्टूबर 2021 से 25 दिसंबर 2023 तक कुल 52 लाख 49 हजार 425 रुपए भेजा। धोखाधड़ी का अहसास होने पर दी गई सभी राशि वापस मांगा, लेकिन राशि के लिए झूठा आश्वासन देते रहे। ठगी का अहसास होने के बाद परिवार में विचार-विमर्श किया गया और इसकी शिकायत कुरुद थाने में की गई। शिकायत पर कुरूद पुलिस तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही

इस संबंध में थाना प्रभारी अरुण साहू ने बताया कि प्रार्थी ने थाना में लिखित शिकायत की है। पैसों को डबल करने एवं पैसों की बारिश कराने के नाम पर ठग को अलग-अलग समय में 52 लाख रुपए दिया है। शिकायत के आधार पर एफआईआर कायम कर जांच की जा रही है।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020